दादरा नगर हवेली की औद्योगिक संस्था सीमा की हुई वार्षिक बैठक

सीमा के अध्यक्ष चंद्रकांत पारेख का आह्वान: छोटी औद्योगिक ईकाईयों के संचालक अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखने में न करें संकोच

सिलवासा 20 जून, (असली आजादी संवाददाता)। संघ प्रदेश दानह में कार्यरत छोटे औद्योगिक हितों को संरक्षित करने के लिए छोटे औद्योगिक संचालकों द्वारा कुछ वर्ष पहले ही सिलवासा इंडस्ट्रीज मेन्युफैक्चरिंग एसो. नामक औद्योगिक संस्था की स्थापना की गई थी। जिसका आज नरोली स्थित पल्ज रिसोर्ट में वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एक बार फिर से इस संस्था के पदाधिकारियों का चयन किया गया और संस्था का वित्तीय लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। संस्था के सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक बार फिर से संस्था के अध्यक्ष चंद्रकांत पारेख को अध्यक्ष घोषित किया। अध्यक्ष बनने के बाद दानह के सबसे पुराने उद्योगपति चंद्रकांत पारेख ने संस्था का वित्तीय लेखा-जोखा रखते हुए छोटे ईकाईयों के संचालकों का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में दानह औद्योगिक ईकाईयों के संचालकों के सामने जो समस्याएं आने वाली है या वे जिन समस्याओं से जूझ रहे है इन समस्याओं के समाधान के लिए वे संस्था का भरपूर उपयोग कर अपनी समस्याओं को प्रशासन के सामने रखे। चंद्रकांत पारेख ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस संस्था के बनाने का उद्देश्य यह था कि छोटे औद्योगिक संचालकों की समस्याओं को प्रशासनिक पटल पर पहुंचाना, जिसमें सीमा को काफी सफलताएं भी मिली है। जिसमें चाहे विद्युत की समस्या हो या फिर वैट रिफंड, प्रदूषण क्लियरंस सहित अन्य समस्या हो, अगर कोई भी औद्योगिक इकाई ऐसी समस्या से जूझ रहा है तो संस्था उनके सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर चंद्रकांत पारेख ने वित्तीय वर्ष 2013-2014 का लेखा-जोखा भी सदस्यों के सामने रखा। जिसके बाद संस्था के सदस्यों ने एक बार फिर से संस्था के पदाधिकारियों के चयन के प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया जिसके अनुसार चंद्रकांत पारेख को एक बार फिर से संस्था के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। वहीं अजीत देशपांडे, अतुल शाह, सुनील ईजारी को संस्था के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि वी. एस. शेट्टी को संस्था का कोषाध्यक्ष बनाया गया और पिंकी खेमनानी को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वहीं नरेन्द्र त्रिवेदी को एक बार फिर से महासचिव का प्रभार दिया गया।